हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री से.
न्यूनतम 29.0 डिग्री से.

हरियाणा की खेल नीति देश में सबसे अव्वल.... 12



समापन अवसर पर बेटियों को बांटे सर्टिफिकेट 12



## खबर संक्षेप

### युवक ने रेलगाडी के आगे कूदकर आत्महत्या की

**कैथल।** शहर के नए रेलवे स्टेशन के पास रविवार देर रात युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। ट्रेन का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवाया। मृतक की पहचान गांव धनौरी निवासी निशांत के रूप में हुई है। वह कैथल शहर में कंफेक्शनरी की दुकान चलाता था।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** जुलाना के वार्ड नंबर सात में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान में घुस गए और कमरे का ताला तोड़ कर सोना चांदी के जेवरात तथा 25 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला, जब वह सोकर उठा। कमरे का ताला टूटा हुआ था।

### बाइक सवारों ने कार चालक को पीटा, केस

**जींद।** मेला मंडी नरवाना मंदिर के निकट बाइकों पर सवार युवकों ने कार चालक पर हमला कर घायल कर दिया और दो हजार तीन सौ रुपये की नकदी को छीन लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो युवकों को नामजद कर सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बडनपुर निवासी पिंटू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नरवाना में कैफे चलाता है। गत दिवस वह कार से जानकार से मिलने जा रहा था।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**जींद।** गांव झांज कलां के निकट तेजरफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोहनगढ़ छापड़ा निवासी भान तथा विक्की कार्यवश शहर आए हुए थे। बीती देर शाम दोनों बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। गांव झांज कलां के निकट तेजरफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत फरार हो गया।

### कैथलः अवैध देसी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा आरोपी को 315 बोर अवैध देसी कट्टे सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम सायंकालीन गश्त दौरान गांव तितरम मोड़ पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली कि गांव सेरधा निवासी संदीप कुमार चण्डीगढ़ बाईपास हाईवे से गांव तितरम में बिजली बोर्ड के पास किसी के इंतजार में खड़ा हैं जिसके पास अवैध असला हैं।

### ठगों ने किसान के बैग से 50 हजार उड़ाए

**कैथल।** शहर के तितरम मोड़ पर किसान को रास्ता पूछने के बहाने बातों में उलझाकर उसकी बाइक के बैग से 50 हजार रुपए चोरी कर लिए। वारदात के बाद आरोपी कार समेत मौके से फरार हो गया। तितरम थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कैलरम निवासी सुभाष ने बताया कि 4 जुलाई को वह अपने ट्रैक्टर के 90 हजार रुपये लेने के लिए तितरम मोड़ गया था।

# दूसरी बार जींद आएंगे मोदी, देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की देंगे सौगात

## स्व.राजीव गांधी के अलावा देश के पहले प्रधानमंत्री प.जवाहर लाल नेहरू भी आ चुके अपने कार्यकाल में जींद

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद



- प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार 11 अक्टूबर 2014 को जींद आए थे।
- अब 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर करेंगे रवाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरी बार जींद आ रहे हैं। हालांकि संगठन के पदाधिकारी के तौर पर तो नरेंद्र मोदी काफी बार जींद आ चुके थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार 11 अक्टूबर 2014 को जींद आए थे। उन्होंने जींद में चुनावी रैली को संबोधित किया था। जिसके साथ हरियाणा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी।

अब 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार फिर जींद आ रहे हैं। जो देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। जोकि तकनीकि तौर पर विश्व को बड़ा सदेश है। इससे पूर्व स्व. राजीव गांधी तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू भी प्रधानमंत्री रहते हुए जींद आए थे। जबकि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद दूसरी बार जींद आ रहे हैं। 11 अक्टूबर 2014 को किया था चुनावी रैली को संबोधितः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार के लिए 11 अक्टूबर 2014 को जींद में चुनावी रैली को संबोधित किया था। खास बात यह भी रही कि हरियाणा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। जिले में उचाना कलां विस से प्रेमलता भाजपा की विधायक बनी थी। मार्च 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी अचानक नरवाना के गांव भीखावाला पहुंचे थे। उस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला थे। राजीव गांधी जोंगा जीप को खुद चला कर गांव भिखावाला पहुंचे थे। उन्होंने माइनर पर कपड़े धो रही महिलाओं से तथा राहगीरों से भी बातचीत की थी और समस्यों को जाना था। उस दौरान राजीव गांव रोहतक में चुनावी सभा को संबोधित कर अचानक गांव भीखावाला पहुंचे थे। जो कि चर्चा का विषय बने थे।

### स्व.राजीव गांधी जोंगा जीप को खुद चला कर गांव भिखावाला पहुंचे थे

#### 1952 में जींद आए थे जवाहर लाल नेहरू

देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू 1952 में नरवाना जाते समय कुछ समय के लिए रेलगाड़ी से जींद जंक्शन पर उतरे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की थी। जिसके बाद वह नरवाना पहुंचे थे और गांव धनौरी निवासी कवि हरिकेश पटवारी को सम्मानित किया था।





जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

## 17 को ऐतिहासिक पल का साक्षी बनेगा हरियाणा : डॉ. अर्चना गुप्ता

- सीआरएसयू में समन्वयात्मक बैठक में की तैयारियों की समीक्षा, पीएम मोदी दिखाएंगे हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में आयोजित महत्वपूर्ण समन्वयात्मक बैठक में 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे की तैयारियों को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता 17 जुलाई को प्रातः 10 बजे आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और इसके साक्षी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जो भारत के तकनीकी विकास, हरित ऊर्जा और आधुनिक रेल व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। यह कार्यक्रम हरियाणा के लिए गौरव का विषय है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इसे सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अपनी भूमिका निभाएगा। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, सांसद संजय भाटिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीएम का दौरा विकास को देगा नई गति : कैप्टन अभिमन्यु

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित जींद दौरा हरियाणा के विकास संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। कैप्टन अभिमन्यु सोमवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू), जींद के डॉ. हरिचंद मिड्ढा ऑडिटोरियम में आयोजित संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों, संगठनात्मक दायित्वों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, आगंतुकों के स्वागत, समन्वय, यातायात व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों पर विस्तार से मंथन किया गया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि बेहतर समन्वय और अनुशासित कार्यशैली से ही इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। कैप्टन अभिमन्यु ने विश्वास जताया कि मोदी का जींद आगमन प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा।

### जिले में औसतन आठ एमएम तो जींद में 41.8 एमएम बरसात दर्ज

# बारिश से किसानों के वारे-न्यारे निकासी न होने से जनता बेहाल

### उचाना, नरवाना तथा सफीदों इलाके रहे बरसात से अछूते

**हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शहर में जमा हुआ बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि

जिले में सोमवार को मानसून की अच्छी बारिश ने जींद तथा आसपास इलाकों के किसानो के वारे-न्यारे कर दिए। जिसने गर्मी तथा उमस को भी धो डाला। हालांकि शहर मे कुछ स्थानो पर जलभराव से लोगो को जरूर परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि उचाना, नरवाना, सफीदों बारिश से अछूते रहे। पिछले 24 घंटों में जिले मे औसतन आठ एमएएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जींद में सबसे ज्यादा 41.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 63 प्रतिशत तथा हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश मे बादल छाए रहे और बारिश के आसार बने रहे। मौसम विभाग के 11 जुलाई तक बारिश होने की सभावना है। सोमवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। हवा की गति भी मंद रही। मौसम में उमस भी बनी रही। दोपहर को बादल गहरे हो गए और झमाझम बारिश शुरू हो गई। जो लगभग एक घंटे तक जारी रही। इस दौरान शहर मे 29.4 एमएम पानी बरसा। जबकि पिछले 24 घंटों में जीद मे 41.8 एमएम बारिश दर्ज हुई है। जिसके चलते शहर की सड़कें जलमग्र हो गई। हालांकि कुछ स्थानों पर पानी उतर भी गया। बावजूद इसके कुछ स्थानों पर बरसाती पानी खड़ा दिखाई दिया। जिसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके इलावा जुलाना में छह एमएम, पिल्लूखेड़ा में पांच एमएम, अलेवा मे चार एमएम बारिश दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे।



जींद। नरवाना रोड पर बरसाती पानी जमा होने से बना तालाब।



#### कुछ इलाकों में अच्छी बारिश

जिले में मानसून एक्टिवेट हो चुका है। सोमवार को जिलेभर में बादल छाए रहे। बावजूद इसके कुछ इलाके बारिश से अछूते रहे। उचाना, नरवाना तथा सफीदों ऐसे इलाके रहे जहां बादल तो घुमड़ते रहे लेकिन बारिश नही हुई। जबकि जिले मे अन्य स्थानों पर हुई बारिश ने किसानों के वारे-न्यारे कर दिए हैं। काफी हद तक पानी की कमी को पूरा कर दिया है। बारिश से अछूते रहे इलाकों के किसान मायूस जरूर हुए लेकिन आकाश में घुमड़ते बादलों से आस जरूर जागी है। बारिश से धान रोपाई के कार्य ने भी रफ्तार पकड़ ली है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि जिले में मानसून पूरी तरह एक्टिवेट हो चुका है। कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई है। 11 जुलाई तक बारिश की संभावना बन रही है। धान रोपाई का अच्छा समय है। बाजरा बिजाई के लिए इतंजार करें।

# कीटनाशक से 70 एकड़ धान की फसल बर्बाद

### किसानों ने की सख्त कार्रवाई व मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव खेड़ी सिंबल वाली में किसानों की करीब 70 एकड़ में लगी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, जिससे किसानों में भारी रोष है। पीड़ित किसानों ने बीज कंपनी पर घटिया क्वालिटी का बीज व कीटनाशक देने का आरोप लगाते हुए कृषि विभाग से कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। किसानों ऋषिपाल, सलिंद्र, सुनील, गुरदेव, राममेहर व राकेश ने बताया कि उन्होंने सवाना कंपनी का धान का बीज असंध और किठाना से खरीदा था। शुरुआती समय में फसल का फुटाव अच्छा रहा, जिससे किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन बीज विक्रेता द्वारा दिए गए कीटनाशक स्प्रे का निर्धारित समय पर छिड़काव करने के बाद स्थिति अचानक बदल गई। किसानों के अनुसार, स्प्रे के कुछ ही दिनों बाद हरी-भरी लहलहाती फसल धीरे-धीरे सूखकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।मामले को लेकर किसानों ने कृषि विभाग के उपनिदेशक को लिखित शिकायत सौंप दी है। साथ ही उपायुक्त कैथल को भी शिकायत दी गई है।



राजौंद। खेड़ी सिंबलवाली में खराब हुई धान की फसल को दिखाते किसान।

#### जांच टीमें गठित

कृषि विभाग के उपनिदेशक रविंद्र हुड्डा ने बताया कि किसानों की शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते जांच टीमें गठित कर दी गई हैं, जो प्रभावित खेतों का दौरा कर फसल, बीज और कीटनाशक की गुणवत्ता की जांच करेंगी। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वार्ड 14 में जलनिकासी ठप, वार्डवासी परेशान

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड 14 में निकासी व्यवस्था नही होने से वार्ड 14 के लोगों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार इसकी शिकायत नपा के अधिकारियों से भी की गई लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। निकासी नही होने से गलियों में गंदा पानी जमा हो जाता है। जिससे वार्ड के लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जुलाना नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 में लंबे समय से गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं। जगह.जगह जलभरावए उगी हुई घास और जाम नालियों के कारण लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। मुख्य सड़क पर गंदा पानी जमा है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जमीन की सौदेबाजी कर ₹94 लाख रुपये हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जैजैवंती में जमीन की सौदेबाजी कर 94 लाख हड़पने पर जुलाना थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भम्भेवा निवासी कपिल देव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव जैजैवंती निवासी कर्ण व उसके परिजनों के साथ 42 कनाल जमीन का सौदा किया था। गत छह फरवरी को छह लाख रुपये के दो चैक, एक चैक से सात जनवरी 2025 को 15 लाख रुपये तथा 22 लाख रुपये नगद दिए थे। गत दो मार्च को सोमबीर के खाते में पांच लाख रुपये, सवा दो लाख रुपये एनएफटी के माध्यम से कर्ण के खाते में भेजे थे। इस प्रकार से कर्ण तथा उसके जानकारों के खातों में 94 लाख, अढ़ाई हजार रुपये भेजे जा चुके थे। उन्होंने कर्ण से खाता बंद करवाने के लिए फार्म भरवाया। जिसे बैंक कर्मी को दे दिया। जिसके एक घंटे के अंदर जमा करवाई गई पूरी राशि को निकाल लिया गया। जब उन्होंने कर्ण से बयाने पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा तो वह आनाकानी करने लगा। आखिरकार आरोपित ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने तथा रुपये लौटाने से मना कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार पुलिस कर्मी घायल

**कैथल।** पूंडरी-कैथल रोड पर एक तेज रफ्तार कार चालक की टक्कर से बाइक सवार पुलिस कर्मी घायल हो गया। हादसे में पुलिसकर्मी की बाईं टांग पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूंडरी थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव काकौत के सलिंद्र कुमार (43) ने बताया कि वह हरियाणा पुलिस की ईआरवी-पर चालक के पद पर कार्यरत हैं। 1 जुलाई को अवकाश होने के कारण वह अपनी बुलेट बाइक पर निजी कार्य से पूंडरी जा रहा था। दोपहर करीब 1:30 बजे कैथल रोड पर एक ब्रेजा कार ने तेज गति और लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सलिंद्र कुमार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### तीर्थ कमेटी बनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का बड़ा आधार, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने बढ़ाई गतिविधियां

# प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ बना जनआस्था-जनसहयोग का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत स्थित प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ इन दिनों जनसहयोग से चल रहे व्यापक सुधारीकरण कार्यों के कारण पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण के इस अभियान ने जनआंदोलन का रूप ले लिया है। बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे उत्साहपूर्वक श्रमदान कर रहे हैं। इससे तीर्थ परिसर का स्वरूप लगातार निखर रहा है। इतना ही नहीं 100 वर्ष के बाद सांध्या आरती का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह उमंग एवं उत्साह का संगम बना है। हर की पौड़ी हरिद्वार की तर्ज पर आरती में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब जुटाने का प्रयास है। श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था यह संदेश दे रही है कि प्राचीन धरोहरों का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से भी संभव है। भगवान कपिल मुनि की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध इस पावन तीर्थ को नया स्वरूप मिलने से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान भी मजबूत हो रही है। धरोहर के संरक्षण को लेकर गतिमान अभियान का प्रमुख श्रेय श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी और तीर्थ के पुजारियों के संयुक्त प्रयासों को दिया जा रहा है। कमेटी के चेयरमैन राजू कौशिक ने बताया कि समाज के विभिन्न संगठनों, पार्षदों व 36 बिरादरी के लोगों के सहयोग से तीर्थ के विकास का कार्य निरंतर जारी है। जनसहभागिता से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य तीर्थ का सौंदर्यीकरण करने के साथ-साथ ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गरिमा को मजबूत करना भी है। तीर्थ के विकास से धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और व्यापार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। क्षेत्र के लोगों के समर्पण और श्रमदान से प्रभावित होकर केंद्र एवं राज्य सरकार ने भी प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ एवं इसके तट पर स्थित अलग-अलग कालों के मंदिरों की श्रृंखला विकास को गंभीरता से लिया है।

#### कुआं सरोवर में खुदवाया जाएगा

प्राचीन श्री कपिल मुनि सरोवर में सरस्वती नदी के पवित्र पानी के सुनहरी कण मिलने का क्रम वर्ष 2005 से जारी है। सरोवर के तलहट पर उभरे गोलकार आकृति के गढ्डों से जो पानी बह रहा है वह पड़ताल में प्रथम दृष्टा सरस्वती नदी का पाया गया। विलुप्त सरस्वती नदी के पानी को उपयोगी बनाने के लिए सरस्वती बोर्ड द्वारा तीर्थ पर एक घाट का निर्माण करवाया जाएगा। सरस्वती बोर्ड वाइस चेयरमैन धुम्मन ङ्कषसह किरमच कलायत दौरे में यह साफ कर चुके हैं कि एक कुआं सरोवर में खुदवाया जाएगा। इसके जरिये नीचे से धारा प्रवाह से निकलने वाले पानी को सुगम रास्ता दिया जाएगा।

### 1 किलो 510 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा थाना शहर क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 1 किलो 510 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान जाट धर्मशाला कैथल के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि गांव खेड़ी गुलाम अली हाल खनौरी बाईपास निवासी विक्रम काफी समय से नशीला पदार्थ गांजा फुल पत्ती बेचने का काम करता हैं। जो आज अभी गोपाल गौशाला कैथल के पास किसी को नशीला पदार्थ गांजा फूलपत्ती बेचने के लिए खड़ा हैं। जिसको उक्त स्थान पर दबिश देकर काबू किया जा सकता हैं। टीम ने गोपाल धर्मशाला कैथल के पास दबिश दी गई जहाँ बताए हुलिए अनुसार एक व्यक्ति दिखाई दिया।

## खबर संक्षेप

### नन्दलाल शर्मा स्पोर्ट्स एसो.के बने कोषाध्यक्ष

**नरवाना**। हरियाणा ओलंपिक भवन में कप्तान जसविंदर मीनू बेनीवाल के दिशा-निर्देश में मु थाई स्पोटर्स एसोसिएशन हरियाणा की वार्षिक एजीम मीटिंग व चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में राष्ट्रीय महा सचिव राम चौधरी , मंजीत सिंह कोषाध्यक्ष हरियाणा ओलंपिक, रविंदर पन्नू, व खेल जगत से जुड़ी हुई बड़ी बड़ी हस्तियों ने हिस्सा लिया। चुनाव सर्व सम्मति से करवाया गया। एसो ऑफ इंडिया के महासचिव डॉक्टर राम चौधरी हरियाणा ओलंपिक संघ से रविंद्र पन्नू ऑब्जर्वर और और एडवोकेट देवेन मौजूद रहे।

### जुलाना एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**जींद**। जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों एवं मांगों पर विस्तार से सुनवाई करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्धए पारदर्शी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निस्तारण करना है।

### नरवानाः गणपति उत्सव 14 सितंबर को, तैयारियां शुरू

**नरवाना**। 14 सितंबर को प्रस्तावित गणपति उत्सव की तैयारियों को लेकर श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति के सदस्यों ने ओल्ड कोर्ट रोड स्थित कैलाश सिंगला के आवास पर बैठक की। उत्सव को भव्य बनाने को लेकर सभी सदस्यों ने अपने.अपने सुझाव रखे। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने की। सिंगला ने बताया कि इस बार गणेश उत्सव 14 सितंबर से 22 सितंबर तक हुडा ग्राउंड रेलवे रोड नरवाना में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक 1008 श्री राजेंद्र शास्त्री महाराज वृन्दावन वाले कथा का रसपान करवाएंगे।

### किसानों को कानून की सही जानकारी होना जरूरी

**जींद**। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी संत कुमार ने बताया कि कई बार किसान अपने खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए भूमिगत पाइपलाइन बिछाना चाहते हैं लेकिन पड़ोसी खेत से पाइपलाइन निकालने को लेकर विवाद हो जाता है। ऐसे मामलों में किसानों को कानून की सही जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि द पंजाब लैंड इम्प्रूवमेंट स्कीम्स (हरियाणा संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 15क सेक्शन 15 के अनुसार यदि किसी को खेत तक सिंचाई के लिए दूसरे के खेत के नीचे से पाइपलाइन ले जानी है और यदि सहमति नहीं बनती तो सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय या एसडीएम के पास आवेदन दे सकते हैं।

### बैठक में उठेगा बॉयोगैस प्लांट के विरोध का मसला

**जींद**। रिहायशी क्षेत्र में बने बॉयो गैस प्लांट के विरोध का मसला अब भाजपा विधायको की अर्धमासिक होने वाली बैठक में उठेगा। यह आश्वासन सफीदों विधायक रामकुमार गौत्तम ने बॉयोगैस प्लांट मामले में ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल को दिया है। जींद के विश्राम गृह में सफीदों विधायक रामकुमार गौत्तम ने इसके साथ यह भी कहा कि लोगों की जो परेशानी है, वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौ फीसदी बताने का काम करेंगे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती मनाई

**नरवाना**। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की मौजूदगी में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### कैबिनेट मंत्री ने गोसांई खेड़ा में कार्यक्रम को किया संबोधित

# हरियाणा की खेल नीति देश में सबसे अव्वल : कृष्ण बेदी

### नायब सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों को मिल रही गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेलों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। राज्य की खेल नीति आज पूरे देश के लिए एक आदर्श बन चुकी है। खिलाड़ियों को सम्मान, बेहतर प्रशिक्षणग्र आधुनिक खेल सुविधाएं तथा पारदर्शी प्रोत्साहन देने की दिशा में सरकार ने अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री रविवार देर सांय गोसांई खेड़ा गांव में आयोजित सीजन वन कोर्पोरेट लिग के समापन अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते लोगों को सम्बोंधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल संरचना को मजबूत करने, खिलाडिय़ों की छात्रवृत्तिए डाइट मनीए बीमा योजना तथा खेल उत्कृष्टता केंद्रों जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आगे बढऩे के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य हरियाणा को देश का अग्रणी खेल राज्य बनाए रखना और भविष्य के ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में केवल खेल ही नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास सहित प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं।



जींद। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर निरन्तर उपलब्ध करवा रही है। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और डिजिटल सेवाओं के विस्तार से हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा प्रदेश के समग्र विकास में सहभागी बनें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जो युवा नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़े रहते हैं, वे अनुशासन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाते हैं तथा नशे जैसी आदतों से स्वयं को दूर रखते हैं। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भारत भूषण टांक, रमेश ढिल्लो, विनोद राणा, सुरेन्द्र मलिक, टेकराम कंडेला, संदीप दहिया, विजय फौजी, राममेहर कंडेला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

#### सक्रिय भागीदारी निभाएं

राज्य सरकार युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चला रही है। सरकार द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहन, आधुनिक खेल सुविधाओं की उपलब्धता तथा विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक युवा खेलों से जुड़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करना ही नही बल्कि एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज का निर्माण करना भी है। इसी दिशा में विभिन्न विभागों के समन्वय से जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, कार्यशालाएं तथा जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने आमजन, अभिभावकोंए शिक्षकों और सामाजिक संगठनों से भी आह्वान किया है कि वे युवाओं को खेलों से जोडने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## घोघड़िया गांव में शांति के लिए किया हवन, 325 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



घोघड़िया गांव में शांति और सुख समृद्धि के लिए हवन किया गया और इसके बाद गांव के तालाब के चारों तरफ 325 पौधे लगाए । कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा पहुंचे और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र बूरा, बलराज श्योकंद और विरेंद्र कौशिक मौजूद रहे। गांव की बाबा गैबी साहिब कमेटी और जोहड़ कमेटी के सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इसके बाद हवन किया गया। ग्रामीण महावीर प्रधान, रामबिलास, रघुबीर, रामभज, विश्वास बूरा, जयसिंह, सुमित काला, विक्की, राकेश, विकास, सुनील, दीपू ने कहा कि गांव की दरफैन पत्ती ने 70 लाख का चंदा एकत्रित कर के बाबा गैबी साहिब के पास तालाब की चारदीवारी निकलवाई और मिट्टी भरत कर के पार्क की जगह बनाई है। यहां पर दोनों ओर 325 पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें पीपल, नीम, बरगद के अलावा अर्जुन की छाल, बेलपत्तर, कल्प वृक्ष जैसे आयुर्वेदिक पौधे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा तालाब में नहरी पानी भरवाया गया है। गांव के श्मशान घाट में भी पौधारोपण किया । मुख्यातिथि कुलदीप रंधावा ने कहा कि जिला परिषद के अधीन आने वाले ग्रांट से गांवों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों की मांग पर वाटर कूलर दिया। वीरेंद्र घोघड़िया ने कहा कि गांव में आपसी भाईचारा बना रहना चाहिए। गांव की तीनों पट्टियों के लोग मिल कर काम करें।

### डिप्टी स्पीकर ने नागरिक अस्पताल में जानकार का जाना हाल

**जींद**। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने सोमवार सुबह नागरिक अस्पताल जींद पहुंच कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। हालांकि वो अपने किसी जानकार का हाल जानने के लिए असपताल पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। डिप्टी स्पीकर का यह दौरा पूरी तरह आकस्मिक था। सुबह जल्दी पहुंचने के कारण अस्पताल प्रशासन के कोई वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी उनके साथ नही थे। केवल डयूटीरत चिकित्सक ही पहुंच पाया। डा. मिड्ढा ने खुद अस्पताल के विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया और मरीजों तथा उनके परिजनों से अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों, जांच सुविधाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता और समग्र व्यवस्था के बारे में पूछताछ की। मरीजों ने अपनी समस्याएं डा. मिड्ढा के समक्ष रखीं। कुछ मरीजों ने दवाओं की कमी, जांच रिपोर्ट में देरी और ओपीडी में भीड़ की शिकायत की।

### नरवाना में 2.27 लाख 533 मतदाता

**नरवाना**। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा है कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र- 38 (आरक्षित) में एस आईआर प्रक्रिया का काम संतोषजनक रूप से चल रहा है। प्रतिदिन विशेष गहन पुनर निरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति में उपेक्षाकृत तेजी आ रही है और उन्हें विश्वास है की बीएलओ की मेहनत और आम मतदाताओं की फार्म भरवाने के प्रति उत्साह के बूते निर्धारित तिथि यानी 15 जुलाई से पहले एसआईआर का काम शत प्रतिशत पूरा हो जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया से जुड़े सभी कर्मचारी बधाई के पात्र होंगे। एसडीएम जगदीश चंद्र ने विधानसभा क्षेत्र का विस्तृत ब्यौरा देते हुए बताया कि नरवाना में कुल 2 लाख 27 हजार 533 मतदाता है। इनमें से अब तक 1लाख 43 हजार 345 मतदाताओं के फॉर्म ऑनलाइन किए जा चुके हैं।

### भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की कार्यकारिणी गठित

**उचाना**। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उचाना तहसील स्तर पर संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश स्तरीय नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद नई कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया। सुरेश नंबरदार को तहसील अध्यक्ष, अनिल कुमार सुदकैन कलां एवं सुंदर श्याम काब्रच्छा को उपाध्यक्ष, जीवन कुमार को सचिव, सोनू को सह सचिव, दर्शन सुदकैन कलां को कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार भौंगरा को सलाहकार नियुक्त किया। सुखजीत, अमित, मा. सुशील उचाना कलां, मुनीष नंबरदार खरक भूरा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश ने कहा कि नई कार्यकारिणी किसान, मजदूर, गरीब व आमजन के हितों की रक्षा के लिए निष्ठा से कार्य करेगी।

### पीएम के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह

**उचाना**। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद जिले के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद पहुंचकर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। लाखों की संख्या में लोग जींद पहुंचकर उनका स्वागत करेंगे और उनके संबोधन को सुनेंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा न केवल जींद, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इससे जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। देश आधुनिक तकनीक और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।


उचाना। लोगों की समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।



जींद। फाइट में विजेता रहे आशीष। फोटो :हरिभूमि

### आशीष ने फाइट में जीत हासिल की

**जींद**। गत चार जुलाई को देहरादून में हुई फाइट में आशीष अहलावत ने अपनी छाप छोड़ी है। यहां पर भी आशीष ने अपने चिरपरिचित अंदाज में फाइट की और अपनी नौवी फाइट जीती। आशीष अहलावत जींद का पहला इंटरनेशनल प्रोफेशनल बॉक्सर है, जो लगातार नौ फाइट जीत चुके हैं। इसके अलावा आशीष अहलावत एक कोच भी हैं और अर्जुन स्टेडियम में 70 से 80 बच्चों को बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। सुबह व शाम बच्चों के साथ प्रैक्टिस भी करवाते हैं। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान ने आशीष को बधाई दी और बताया कि 21 और 29 अगस्त को बेंगलुरु में खेलेगा आशीष अहलावत। जींद पहुंचने पर आशीष अहलावत का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### 31 बीएलओ और दो सुपरवाइजर सम्मानित

**उचाना**। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित करने के लिए सोमवार को उपमंडल कार्यालय के कॉफ्रेंसहॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम रमित यादव ने की, जबकि मंच संचालन मास्टर रामप्रसाद ने किया। समारोह में 31 बीएलओ और दो सुपरवाइजरों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। रमित यादव ने कहा कि एसआईआर अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जिन बीएलओ ने कार्य में लापरवाही बरती, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए तथा एक मामले में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई।


उचाना। सम्मानित बीएलओ, सुपरवाइजर। फोटो :हरिभूमि


जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### योग प्रतियोगिता में मनस्वी अव्वल

**जींद**। गत 29 मई से 31 मई तक सोनीपत में आयोजित नार्थ इंडिया योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप में आधारशिला स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक प्रदीप लाठर ने बताया कि महर्षि पंतजलि योग संस्थान द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता में विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा मनस्वी, मैत्री ने प्रथम स्थान व दिग्विजय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। विद्यालय निदेशिका अंजू सिहाग व प्राचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का ही नही बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और अनुशासन का भी आधार है। सभी विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। सभी शिक्षकों ने भी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी।


जींद। संगतपुरा गांव में शपथ लेते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ ली

**जींद**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव संगतपुरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना था। नुक्कड़ सभाओं में आशा वर्करोंए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवाओं तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओ की शपथ ली। इस अवसर पर एमपीएचडब्ल्यू रीना रानी एवं ओमप्रकाश शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण लगातार गिरता लिंग अनुपात आज देश के सामने एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है।

## छोटे दुकानदारों के लिए फायर एनओसी लेने की प्रकिया सरल बनाई जाए : कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- व्यापार मंडल जींद मजबूत और अनुशासित संस्था

व्यापार मंडल जींद के प्रधान महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि हमारे लिए देश और समाज सर्वोपरि है। चूकि व्यापारी देश और समाज की रीढ़ हैं, ऐसे में हम व्यापारी हित की बात और उनकी बेहतरी के लिए काम करते हैं। प्रधान महाबीर कंप्यूटर व संरक्षक हरीश अलाहाबादी और महासचिव कृष्ण लखीना के नेतृत्व में 35 व्यापारिक संघटनों की बैठक हुई। जिसमे जींद हलके के विधायक एवं हरियाणा विधानसभा में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा और उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। व्यापारियों ने बताया की देश प्रदेश में बढ़ती आगजनी की घटनाओं के बाद एक्टिव हुआ फायर विभाग दुकानों पर सर्वे कर रहा है और उन्हें फायर यंत्र रखने और एनओसी लेने बारे नोटिस कर रहा है। प्रधान महाबीर कंप्यूटर ने बताया कि आगजनी की घटनाओं को देखते हुए व्यापार मंडल खुद भी सभी दुकानदारों को आग बुझाने के यंत्र रखना जरूरी करने पर काम कर रहा है लेकिन एनओसी की प्रक्रिया लंबी होने की वजह से प्रशासन से उसे सरल करने व छोटे दुकानदारों को उसमें छूट देने की मांग की है। डिप्टी स्पीकर ने खुद अधिकारियों को साथ लेकर बाजारों में पानी की पाइप दबवाने और खुले सार्वजनिक स्थानों पर पानी की टंकियां बनवाने पर काम करने की बात कही है ताकि तंग बाजारों में भी आग पर तत्काल काबू पाया जा सके और दुकानदारों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने देने का विश्वास दिलाया है। सभी पक्षों में एनओसी का सरलीकरण, तंग बाजारों में फायर सेफ्टी बारे नए तरीके अपनाने पर सहमति बनी। बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था कम होने के कारण रानी तालाब के पास पड़ी खाली जगह को प्लेन कर अस्थायी पार्किंग बनाने पर सहमति बनी है।


जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**जींद**। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन मे एसडीएम सत्यवान मान ने लघु सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता की। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त हुई सभी शिकायतों एवं लंबित सभी शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से किया जाए। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हरियाणा में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने से राहत मिलती है और एक ही मंच पर उनकी समस्याओं का समाधान हो पाता है।

### रामराय में 45 दिवसीय सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन

# समापन अवसर पर बेटियों को बांटे सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला सशक्तिकरण और युवाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कार्यरत अग्रणी संस्था शशक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा गांव रामराये में चलाए जा रहे 45 दिवसीय निशुल्क सिलाई और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का सोमवार को गरिमापूर्ण समापन किया गया। 20 मई से शुरू हुए इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं व युवतियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और हुनर सीख कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। समापन समारोह में संस्था की फाउंडर एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा, सुप्रसिद्ध एडवोकेट एवं ज्योतिषाचार्य आचार्य सुदेश शर्मा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और सभी सफल प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय सचिव राजवीर शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्षा आचार्य सुदेश शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण अंचल की बेटियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है। आज के दौर में सिलाई और ब्यूटी पार्लर जैसे कौशल महिलाओं को घर बैठे सम्मान की जिंदगी जीने का अवसर देते हैं। उन्होंने संस्था के व्यापक उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन केवल कौशल विकास ही नही बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर कार्यरत है। इसके साथ ही संस्था द्वारा समाज की असहाय व गरीब महिलाओं के लिए निशुल्क विधिक (कानूनी) और ज्योतिषीय परामर्श भी प्रदान किया जाता है ताकि वे हर प्रकार के शोषण से मुक्त होकर मानसिक व सामाजिक रूप से सशक्त हो सकें। समारोह के दौरान सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर की मुख्य प्रशिक्षिका प्रियंका देवी को उनके उत्कृष्ट और समर्पित शिक्षण के लिए संस्था की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्षा व राष्ट्रीय सचिव राजवीर शर्मा ने प्रियंका देवी की प्रशंसा करते कहा कि उनके बेहतरीन मार्गदर्शन के कारण ही सभी प्रतिभागी मात्र 45 दिनों में इस विधा में पूरी तरह निपुण हो पाए हैं।



जींद। प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### नंदगढ़ में किया घर-घर सर्वे

**जींद**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना की टीम ने गांव नंदगढ़ में डेंगू, मलेरिया व अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर कुलदीप चहल के नेतृत्व में एमपीएचडब्ल्यू प्रमोद कुमार, राकेश पूनिया, सुरेश कुमार, सुनीता एएनएम व सभी आशा वर्कर की टीमों ने घर-घर जाकर अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना तथा मलेरिया डेंगू व अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम करना है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने कुल 808 घरों की जांच की। जिसमें एक घर में लार्वा पाया गया। टीम ने मौके पर ही लार्वा नष्ट करवाया तथा परिजनों को इस लार्वा को न पनपने देने बारे जागरूक किया और साथ ही बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की रक्त पट्टिकाएं बना कर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजी।

## उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# सभी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से करें सहयोग : डीसी अपराजिता



कैथल। डीसी अपराजिता राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर डीसी अपराजिता ने सोमवार को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें और मतदाताओं को प्रगणक पत्र भरकर समय पर बीएलओ के पास जमा कराने के लिए जागरूक करें। डीसी ने स्पष्ट किया कि 14 जुलाई के बाद कोई भी प्रगणक पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी राजनीतिक दल अपने बूथ स्तर के एजेंटों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक मतदाता निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने प्रगणक पत्र जमा कर दें। उन्होंने कहा कि यदि प्रगणक पत्र जमा नहीं किया गया तो संबंधित मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल होने में परेशानी आ सकती है। बैठक में इनेलो, जजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न सवाल और जमीनी स्तर पर आ रही कुछ समस्याएं उठाईं। डीसी अपराजिता ने सभी जिज्ञासाओं का विस्तार से समाधान किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ से समन्वय कर समस्याओं का तत्काल निपटारा किया जाए।

डीसी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ घर-घर जाकर वितरित किए गए प्रगणक पत्र वापस एकत्र कर रहे हैं। अब तक 6 लाख 7 हजार 250 प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं और प्रक्रिया 14 जुलाई तक जारी है। इसके साथ ही मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा एक से अधिक स्थानों पर नाम दर्ज होने वाले मतदाताओं की सूची भी तैयार की गई है, जोकि अब तक 34 हजार 435 चिंहित की गई। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने बीएलओ से संपर्क कर इन सूचियों का अवलोकन करें और यदि कोई तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध हो तो समय रहते साझा करें।

### ये रहे मौजूद

एडीसी सुशील कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम संजय कुमार, सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को किया सम्मानित

गुहला-चीका। गुहला- चीका विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को एसडीएम मनीष कुमार यादव ने प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने एईआरओ प्रवेश राणा, सुपरवाइजर सतेंद्र राणा, बूथ नम्बर 62 के बीएलओ इकलाब सिंह,बूथ नम्बर 110 के बीएलओ सुखबीर शर्मा, बूथ नम्बर 164 की बीएलओ नवदीप कौर,बूथ नम्बर 174 के बीएलओ वीरभान, बूथ नम्बर 181 के बीएलओ सुरेश कुमार को निर्वाचन संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, समयबद्ध फील्ड सत्यापन, मतदाता पंजीकरण, मतदाताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन नामावली की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। एसडीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की सफलता में बीएलओ ने समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके अथक प्रयासों से मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सकी है। उन्होंने अन्य बीएलओ का आह्वान किया कि वे भी अपने कार्य को जल्द पूरा करें।

**एसडीएम मनीष कुमार यादव ने प्रशंसा-पत्र देकर बढ़ाया उत्साह**



गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव अधिकारियों की बैठक लेते हुए

## एसडीएम ने पटवारियों, सरपंचों और ग्राम सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक

गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने सोमवार को पटवारियों, सरपंचों व ग्राम सचिवों के साथ बैठक की। एसडीएम ने उपमंडल कार्यालय में सभी पटवारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए एसआईआर कार्य में भी पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण यानि एसआईआर के कार्य में गति लाएं। बेहत्तरीन कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने पटवारियों को लंबित इंतकाल, जमाबंदी, फर्द, गिरदावरी तथा अन्य राजस्व कार्यों को समयबद्ध करने के निर्देश दिए। सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं राजस्व सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए। उन्होंने रिकॉर्ड को अपडेट रखने तथा शिकायतों के निवारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आमजन से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें।

**एसआईआर कार्य के लिए गांवों में करवाई जाए मुनियादी**

इसके उपरांत एसडीएम मनीष कुमार यादव ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में एसआईआर विषय पर सरपंचों व ग्राम सचिवों की बैठक ली। सभी सरपंच अपने-अपने गांवों में मुनियादी करवाना सुनिश्चित करें, ताकि जितने भी लंबित फार्मों हैं, वह जमा हो जाए और आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा सके। एसडीएम ने कहा कि उन्होंने स्वंय लगभग 25 गांवों में निरीक्षण किया है। यदि कोई समस्या है तो वह जरूर मेरे संज्ञान में लेकर आएं।

### खबर संक्षेप

## जिले में कोई भी बोरवेल खुला न रहे: डीसी

कैथल। डीसी अपराजिता ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में खुले पड़े बोरवेलों की तुरंत पहचान कर उन्हें सुरक्षित तरीके से बंद करवाना सुनिश्चित करें। आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। डीसी ने कहा कि कई स्थानों पर नए ट्यूबवेल स्थापित किए जाने के बाद पुराने बोरवेल खुले छोड़ दिए जाते हैं, जो बच्चों, राहगीरों और पशुओं के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं।

## जून माह में नशा व शराब तस्करी मामले में 112 काबू

कैथल। जिला पुलिस ने जून माह में 100 मामलों में 112 आरोपी काबू किए गए है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि जून माह दौरान विशेष तौर पर नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 31 मामले दर्ज करके 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 69 किलो 330 ग्राम डोडा पोस्त, 11 किलो 100 ग्राम चुरा पोस्त, 87 किलो 429 ग्राम गांजा, 9 किलो 251 ग्राम अफीम, 1 किलो 135 ग्राम चरस, 478.206 ग्राम हैरोइन तथा 60 नशीली गोलियों व नशीली गोलियों का 428 ग्राम घोल सहित बड़ी मात्रा में लाखों रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

## राजौंद के नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

राजौंद। शहर के थाना में सब इंस्पेक्टर हरपाल सिंह द्वारा ने थाना प्रभारी का कार्यभार संभालने पर लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं और क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था की उम्मीद जताई गई।स्वागत कार्यक्रम में इंडियन नेशनल लोकदल ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू वर्मा सहित राम निवास शर्मा, नरेश कुमार पंवार व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जातिसूचक गालियां देने के आरोप में मामला दर्ज

कैथल। चीका पुलिस ने अनुसूचित जाति के मजदूर को जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने, गाड़ी का शीशा तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चीका क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप मालिक और उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पोलड़ के प्रकाश कुमार ने शिकायत में बताया कि वह करीब तीन महीने पहले कैथल रोड पीडल स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर दिहाड़ी मजदूरी करता था। काम पूरा होने के बाद उसके कुछ औजार और मजदूरी के बकाया रुपये वहीं रह गए थे।

## जुआ-सट्टा खेलने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पुलिस द्वारा जुआ खेलने के अलग अलग 4 मामलों में 8 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 64090 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एएसआई नरेंद्र सिंह व एचसी अजय कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर महादेव कालोनी कैथल में एक मकान पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर वहां ताश के पत्तों की मार्फत जुआ खेल रहे आरोपी महादेव कालोनी कैथल निवासी योगराज, सिरटा रोड़ कैथल निवासी चंद्र शेखर, सुंदरान मोहल्ला कैथल निवासी चंद्र,सर्राफा बाजार कैथल निवासी अमन व माता गेट कैथल निवासी अवतार सिंह को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 104 ताश के पत्ते व 58570 रुपए बरामद हुए। दूसरे मामले में थाना कलायत पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा बाड़ी मोहल्ला कलायत में अपने मकान पर सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी बाड़ी मोहल्ला कलायत निवासी सोनू को काबू किया गया। जिसके कब्जे से 1560 रुपए बरामद हुए।

## एमबीबीएस में दाखिला दिलवाने के नाम पर ठगी, दो आरोपी काबू

कैथल। एमबीबीएस में बेटी का दाखिला दिलवाने के नाम पर एक महिला से आठ लाख रुपये ठगने के मामले की जांच थाना सीवन प्रभारी एसआई जय भगवान की अगुवाई में एसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पटियाला निवासी अमन व हेमू माजरा निवासी अभिनव को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव रामनगर भूना निवासी महिला मंजीत कौर की शिकायत अनुसार उनकी बेटी मुस्कान ने एमबीबीएस में दाखिले के लिए मोहाली से नीट परीक्षा की तैयारी की थी। दो मई 2025 को परीक्षा हुई और 14 जून 2025 को परिणाम घोषित हुआ, जिसमें कम अंक आने के कारण उसे एमबीबीएस में सीट नहीं मिल सकी।

## भाकियू की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर अहम निर्णय : राजीव



कैथल। कैथल के लघु सचिवालय के के पार्क भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को कैथल जिला प्रधान राजीव आर्य ढांड की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सतपाल दिल्लीवाली प्रदेश कोषाध्यक्ष भी उपस्थित हुए। मीटिंग में किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और प्रशासन से मांगें पूरी करने की मांग की गई। सरकार द्वारा जो नये खेतों के कनेक्शनों को लेकर डरीप या फव्वारे लगाने की फ़िजूल की किसानों के पैसे की बर्बादी होती है उस भी सरकार तुरंत प्रभाव से हटाने का काम करे। नए कनेक्शन जिन किसानों ने नए बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई किया हुआ है, उनके कनेक्शन तुरंत दिए जाएं। खाद व बीजों की गुणवत्ता को जांचने के लिए सरकार द्वारा कैथल ज़िले में सरकारी लैब स्थापित करवाई जाए जिससे किसान खाद व बीजों की गुणवत्ता की जाँच करवा सकें। कैथल ज़िले के गांव ढाणडा खेड़ी गांव में नकली बीज से लगभग 80 किले की फसलें ख़राब हो गई इस की जांच कर उन्हें जल्द से जल्द उनके ख़राबे की भरपाई कराई जाए। नहरों की सफाई करवाई जाये जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचे इसके लिए नहरों की सफाई कराई जाए।

## हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में सामने आई अभूतपूर्व अनियमितता

कैथल। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की हरियाणा राज्य कमेटी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में सामने आई अनियमितताओं और पेपर लीक के पुख्ता अंदेशों की निंदा करती है। पार्टी का मानना है कि यह घटना बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। माकपा राज्य सचिवमंडल ने कहा कि रेवाड़ी, चरखी दादरी और कैथल समेत दर्जनों परीक्षा केंद्रों से जो खबरें आई हैं, वे चौंकाने वाली हैं। बांटे गए प्रश्न पत्रों के पैकेटों की सील टूटी होना और प्रश्न पत्र से ओएमआर शीट के सीरियल नंबर का मिलान न होना संकेत है कि परीक्षा की गोपनीयता भंग हुई है।

## हरियाणा में डॉक्टर, नर्स और फार्मासिस्ट बनने का सपना अब हुआ बेगाना : रणदीप सुरजेवाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज एक कड़ा बयान जारी कर हरियाणा की भाजपा-नायब सैनी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने रोहतक स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मेडिकल और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की फीस में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी को /"छात्रों के भविष्य पर डकैती और खुली वसूली/" करार दिया। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में डॉक्टर, नर्स और फार्मासिस्ट बनने का सपना देखने वाले गरीब और मध्यमवर्गीय युवाओं के अरमानों पर इस जनविरोधी सरकार ने महंगाई का एक नया 'नायब बम' फोड़ दिया है।हर साल 10 प्रतिशत की अतिरिक्त सालाना वृद्धि और 20,000 रुपये तक की लेट फीस का 'आतंक' युवाओं को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने फीस में हुई भारी बढ़ोतरी का विस्तृत विवरण साझा करते हुए /"लूट का पूरा गणितः बेतहाशा फीस वृद्धि/" करार दिया। सुरजेवाला कहा कि सरकार ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है। एमबीबीएस (प्रति वर्ष): फीस को सीधे 2,500 से बढ़ाकर 10,000 कर दिया गया है। एमफार्मा फीस को ₹3,000 से सीधे बढ़ाकर 12,000 कर दिया गया है। बीपीटी ₹2,250 से बढ़ाकर इसे सीधे ₹4,500 कर दिया गया है। एमडी व एमएस सबसे क्रूर प्रहार पोस्ट ग्रेजुएशन के छात्रों पर करते हुए फीस को ₹2,500 से सीधे ₹20,000 कर दिया गया है।

राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह मार सिर्फ यहीं नहीं रुकती। नई दरें 1 अगस्त से लागू होने जा रही हैं, और आने वाले 5 वर्षों तक हर साल फीस में 10% की अतिरिक्त सालाना वृद्धि का प्रावधान कर छात्रों को परमानेंट आर्थिक संकट में धकेल दिया गया है।

## वार्ड 13 की गली बदहाल, वर्षों से कच्ची सड़क व गंदगी से लोग परेशान



राजौंद। वार्ड नंबर 13 की गली पिछले कई वर्षों से कच्ची पड़ी होने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली में जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। लोगों में इस समस्या को लेकर काफी रोष देखा जा रहा है।वार्ड वासियों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए उन्होंने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्होंने अपने स्तर पर ही गली में रोडा डालकर रास्ता कुछ हद तक ठीक किया है, लेकिन अभी भी कई हिस्से खराब पड़े हैं, जहां से गुजरना जोखिम भरा है। इसके अलावा, स्थानीय लोगों ने सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते, जिससे नालियों में गंदा पानी भरा रहता है और बदबू के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गली को पक्का करवाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

## उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार राहुल डोगरा ने नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। नायब तहसीलदार राहुल डोगरा ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में उसका समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि वह सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 तक आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्याएं व शिकायतें लेकर आए ताकि संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से उनका समाधान करवाया जा सके। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## करोड़ा मंडल की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर



पूंडरी। मार्कीट कमेटी पूंडरी के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाकर ही आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने बताया कि करोड़ा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में जिला प्रभारी अमरपाल राणा, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला महामंत्री जागीर सिसला, मंडल अध्यक्ष सरोज तथा मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों, बीएलए-2 एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## कैच द रेन अभियान से जुड़कर लें जल संरक्षण का संकल्प : डीसी

कैथल। डीसी अपराजिता ने जिले वासियों से मानसून के दौरान वर्षा जल का अधिकतम संचयन करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत सरकार के कैच द रेन अभियान का उद्देश्य बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजकर जल संकट का स्थायी समाधान तैयार करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि आज हम पानी बचाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। डीसी अपराजिता ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और भूजल स्तर में लगातार आ रही गिरावट को देखते हुए वर्षा जल संचयन को जन-आंदोलन का रूप देना आवश्यक है। मानसून का सीजन शुरू हो चुका है। इसलिए सभी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक घर, कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, उद्योग एवं अन्य संस्थानों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाया जाए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही भूजल स्तर बढ़ाने के लिए उपयुक्त स्थानों पर रिचार्ज पिट एवं रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण कराया जाए तथा अनुपयोगी पड़े बोरवेलों का उपयोग भूजल रिचार्ज के लिए किया जाए।



## ढांड में कल होगा नवीन कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ : रविंद्र धीमान

ढांड। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल 'नवीन कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान किसानों के लिए अन्न भंडारण व्यवस्था के लिए नई सोच, नई तकनीक और नए अवसरों के द्वार खोलेगा। इस अभियान के अंतर्गत नवीन कृषि संकल्प अभियान के दूसरे कार्यक्रम का आयोजन ढांड की राधा कृष्ण धर्मशाला के हाल में सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम द्वारा इस कार्यक्रम की आगामी रुपरेखा की जानकारी साझा करने के लिए ढांड के निजी प्रतिष्ठान में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला के किसानों तक संदेश पहुंचाने के लिए नवीन कृषि संकल्प अभियान का पोस्टर भी लांच किया। कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में शुरू किए जा रहे नवीन कृषि संकल्प अभियान अभियान का उद्देश्य किसानों को नई जानकारी और बेहतर अवसरों से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में किसान कृषि विशेषज्ञों से सीधे बातचीत कर सकेंगे और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उपाय जानेंगे। उन्हें प्राकृतिक खेती, फसलों के सुरक्षित भंडारण, विभिन्न फसलों की खेती, पर्यावरण संरक्षण तथा केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की आसान और उपयोगी जानकारी भी दी जाएगी।

**पहल** | महिला सशक्तिकरण अभियान मात्र नहीं, बल्कि विकसित समाज की आधारशिला

# 23 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

### महिला सशक्तिकरण से परिवार और समाज को मिलती है मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सामाजिक संस्था 'एक किरण उम्मीद की' ने सराहनीय पहल करते हुए जूट बैग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। समापन समारोह में प्रशिक्षण पूरा करने वाली 23 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समृद्ध और विकसित समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संस्था लगातार ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिनसे महिलाएं अपने हुनर को निखारकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। प्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। संस्था का उद्देश्य महिलाओं को केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित करना भी है। समारोह के दौरान सभी 23 प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से उन्हें नया कौशल सीखने के साथ-साथ स्वयं का रोजगार शुरू करने की प्रेरणा मिली है।



पूंडरी। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित करते अतिथि व संस्था पदाधिकारी।

### आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करता है प्रशिक्षण

कार्यक्रम में डॉ. मनीषा मंगल, बबीता सिंगला, गीता रानी, किरण सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य महिलाओं ने भाग लिया। अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए संस्था के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित करते हैं।

**सूचना**

मैं, दलीप सिंह पुत्र जगदेव यादव निवासी भूपेन्द्र नगर, भिवानी रोड, जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमान्शु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने मकान से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** चीका के शक्ति नगर में चोरों ने एक मकान से एलईडी, सिलेंडर और मोबाइल चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर चीका थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर वार्ड-5 निवासी डॉ. धनंजय राय ने बताया कि 24 जून की सुबह करीब 3 से 5 बजे के बीच उनके घर में चोरी हुई। चोर घर से एक एलईडी, एक गैस सिलेंडर, एक मोबाइल फोन और अन्य सामान ले गए। घटना का पता चलने पर उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जांच अधिकारी एसआई विक्रम ने बताया कि जांच शुरू कर दी है।

### निजी स्कूल के इंस्टाग्राम ग्रुप के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल।** शक्ति नगर में एक 15 साल के छात्र विवेक कुमार की आत्महत्या के मामले में सिटी थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम ग्रुप के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में मृतक छात्र के पिता ने आरोप लगाया है कि बेटे को सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां दी जा रही थीं, जिससे वह तनाव में आ गया था। शक्ति नगर के रामकुमार ने बताया कि 13 मई को उनके बेटे विवेक कुमार ने स्कूल से घर लौटने के बाद घर पर ही फंदा लगा लिया था। बाद में बेटे का मोबाइल फोन चेक किया तो उसमें निजी स्कूल के इंस्टाग्राम ग्रुप की चैट मिली, जिसमें कुछ छात्रों द्वारा विवेक को धमकियां दी गई थीं।

### भारत ग्रीन एवं सोलर एनर्जी में आत्मनिर्भर बन रहा : संजय भाटिया

# पीएम की रैली को लेकर जुटे दिग्गज सभा स्थल का दौरा कर लगाई ड्यूटी

**प्रधानमंत्री के प्रस्तावित 17 जुलाई के जींद दौरे को लेकर तैयारियां तेज, राज्यसभा सांसद ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते राज्यसभा सांसद संजय भाटिया।



जींद। सभा स्थल का निरीक्षण करते राज्यसभा सांसद संजय भाटिया।

राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि आने वाले समय में भारत ग्रीन एनर्जी एवं सोलर एनर्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा सुरक्षा तथा सतत विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

राज्यसभा सांसद संजय भाटिया सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद दौरे के मध्यनजर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्तावित कार्यक्रम एवं रूट प्लान की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन से जुड़े सभी प्रबंधों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, हेलीपेड, कार्यक्रम स्थल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रूट प्लान की जानकारी प्रस्तुत की। राज्यसभा सांसद ने बताया गया कि रूट प्लान को अंतिम स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए पुलिस लाइन तथा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में हेलीपैड बनाए जाने की तैयारियां भी की जाएंगी। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रस्तावित जींद आगमन जिले के लिए एक बड़ी सौगात होगा। इससे जींद को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी तथा विकास परियोजनाओं को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और प्रत्येक व्यवस्था का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों की भी समीक्षा की गई।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं तथा प्रत्येक बिंदु पर विशेष सतर्कता बरती जाए। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जिस कार्य की शुरुआत अच्छी होती है, उसका समापन भी सुखद एवं सफल होता है। इसलिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता, समन्वय और जिम्मेदारी के साथ अपनी-अपनी तैयारियां समय पर पूर्ण करें ताकि प्रधानमंत्री का प्रस्तावित दौरा पूरी तरह सफल एवं यादगार बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आधुनिक और हरित तकनीकों की ओर बढ़ रहा है। जींद से जुड़ी हाइड्रोजन ट्रेन की पहल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। यह परियोजना न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के रेल परिवहन में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को नई दिशा देगी और भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी।

#### कई जगह निरीक्षण किया

आगामी 17 जुलाई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के दौरे के दृष्टिगत राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिढ़ा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभा स्थल का दौरा करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन में बनाए जाने वाले हेलीपैड, रेलवे स्टेशन, हुड्डा ग्राउंड, नए बस अड्डा के सामने के मैदान आदि का निरीक्षण किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला प्रभारी मदन लाल गोयल, हिसार लोकसभा प्रभारी जवाहर सैनी, चेयरमैन अमरपाल राणा, योगेश बैरागी, भारत भूषण टांक, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढूल व जिला प्रशासन की और से डीसी डा. वैशाली शर्मा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हाइड्रोजन ट्रेन का करेंगे लोकार्पण

# 17 को प्रधानमंत्री हरियाणा को देंगे सौगातः डॉ. अर्चना



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता।

**17 जुलाई को ही मेडिकल कॉलेजों का ऑनलाइन लोकार्पण करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद रेलवे स्टेशन पर हाइड्रोजन ट्रेन का लोकार्पण करेंगे। यह ट्रेन जींद से सोनीपत तक चलेगी। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि देश के प्रधानमंत्री 17 जुलाई को जींद की धरा पर आ रहे हैं। वे हाइड्रोजन ट्रेन का झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही कई अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने बताया कि यह 10 कोच वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन है। पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल होने के कारण इसमें शून्य कार्बन उत्सर्जन होगा। ट्रेन चलने पर केवल भाप और पानी निकलेगा। यह पूरे भारत में पहली ऐसी ट्रेन है, जो हरियाणा को मिली है। डा. गुप्ता ने कार्यकर्ताओं में व्याप्त उत्साह का जिक्र करते हुए कहा कि रैली के संयोजक के रूप में महामंत्री सुरेंद्र, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायकों, जिला परिषद चेयरमैन और सभी मोर्चा व मंडल अध्यक्ष सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। कुछ कार्यकर्ता साइकिल से तो कुछ पैदल भी पहुंचने वाले हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री 17 जुलाई को ही मेडिकल कॉलेजों का ऑनलाइन लोकार्पण करेंगे। चंडीगढ़ और पंजाब में अन्य कार्यक्रमों के बाद वे उत्तर भारत के विकास को नई गति देने वाले हैं। कार्यक्रम को लेकर जींद जिला के साथ-साथ हरियाणा प्रदेशवासियों में जोश है।

#### आने की अपील की

डा. अर्चना गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं और जनता से प्रधानमंत्री के स्वागत में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की। यह कार्यक्रम हरियाणा के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। क्योंकि हाइड्रोजन ट्रेन जैसी अत्याधुनिक परियोजना प्रदेश को मिल रही है।

## अग्रोहा धाम की इकाई का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग नरवाना एस डी कॉलेज में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम की इकाई का विस्तार करने पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम की इकाई का विस्तार राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। अग्रोहा धाम में माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का शक्तिपीठ बना हुआ है। जहां पर सभी देवी- देवताओं के विशाल मंदिर बने हुए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाजवाद को बढ़ावा देते हुए हर जरूरतमंद को ऊंचा उठाने का काम किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र गुप्ता,नरवाना एसडी कॉलेज प्रधान जियालाल गोयल, अग्रोहा धाम नरवाना प्रधान रोहतास सिंगला, महासचिव अनिल आर्य, व्यापार मंडल युवा प्रधान मुकेश गोयल, समाजसेवी राजेश गोयल, सतीश गोयल, आंचल मित्तल, अभिनव गर्ग, कुलदीप जैन, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, धर्मवीर गोयल, अभिनंदन, अश्विनी, सुनील, नितिन जैन आदि ने अपने विचार रखे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से समाज में आ रहा बदलाव



पूंडरी। जागरूक करती हुई आशा वर्कर। फोटो : हरिभूमि

**पूंडरी।** उप नागरिक अस्पताल पूंडरी में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला के निर्देशों तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. महेश के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में डॉ. गौरव, डॉ. गीता कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तर्कसंगत तबादला नीति के तहत शीघ्र शिक्षकों के तबादले हों : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते अध्यापक नेता।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमर नाथ किठानिया, कैशियर शीशपाल, वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सहसचिव शमशेर कालिया,संगठन सचिव सुरेश द्रविड़, प्रैस सचिव मदन गोपाल, ऑडिटर करमचंद केसर, कार्यालय सचिव गुरमीत सिंह, जोगिंद्र सिंह, गुरुदेव जांगड़ा, कृष्ण आर्य सतपाल पांचाल, राजकुमार कश्यप, मस्त राम शास्त्री, संदीप कुमार व जितेंद्र नेहरा ने बताया कि संगठन हमेशा ही शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षक और समाज के व्यापक हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा 2016 में ऑनलाइन तबादला नीति लागू करते हुए दावा किया था कि हर साल सत्र की शुरुआत में शिक्षक तबादले किए जाएंगे। परन्तु इसके अंतर्गत 2016 के बाद केवल 2017, 2019 और 2022 में ही तबादले हो सके। प्राथमिक अध्यापकों के तबादले 2016 के बाद आज तक नहीं किए गए। 12 फरवरी 2025 को शिक्षक संगठनों से लिए गए सुझावों की उपेक्षा करते हुए पहले 28 नवंबर,2025 को तबादला नीति के प्रारूप में प्रतिगामी परिवर्तन कर नया ड्राफ्ट जारी किया।

## राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह उत्सव चीनी मिल में हुआ पौधरोपण



कैथल। शुगर मिल में पौधरोपण करते एमडी कृष्ण कुमार व अन्य।

**कैथल।** राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह उत्सव के अवसर पर कैथल सहकारी चीनी मिल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में मिल परिसर में लगभग 100 पौधे रोपे गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। प्राचीन समय में वृक्षों की अधिकता के कारण प्राकृतिक संतुलन बना रहता था, ऋतुएं समय पर आती थी और वातावरण मानव जीवन के अनुकूल रहता था। वर्तमान समय में अधिक से अधिक पौधरोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में गन्ना प्रबंधक रामपाल सिंह तंवर, गन्ना विकास निरीक्षक सूर्यप्रकाश, कर्मचारी निदेशक शमशेर सिंह, सभी गन्ना कामदार तथा किसान प्रतिनिधियों में मियां सिंह (सरपंच), होशियार सिंह, सारजैन्ट सिंह, जोगिंदर सिंह और निशान सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेक्टरों में 4.86 लाख से होगी बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। सेक्टर आठ में खड़ा पानी।

शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से चार लाख 86 हजार रुपये की राशि से सेक्टर छह, सात, आठ, नौ, 10 व 11 में बरसाती पानी निकासी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण ने टेंडर लगाया है। जिसकी ऑनलाइन बिड जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में खुलेगी। टेंडर अलाट होने के बाद निकासी कार्य शुरू किया जाएगा। सेक्टर छह, सात, आठ, नौ, 10 व 11 में कई जगह खाली प्लाट हैं। यहां वर्षा के मौसम में वर्षा का पानी जमा हो जाता है। सेक्टर निवासियों ने बताया कि सेक्टर छह, सात, आठ, नौ, 10 और 11 में आठ हजार से अधिक मकान हैं। इसमें से सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में लगभग अढाई हजार मकान हैं। यह चारों सेक्टर 10 साल के बाद भी पूरे तरह विकसित नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर छह, सात, आठ, नौ में पानी निकासी के लिए ड्रेन तो बना दी है लेकिन हैबतपुर रोड से पार कर सीवरेज डिस्पोजल के पास छोड़ दी है। सेक्टर सात से लगभग दो किलोमीटर लंबी लाइन का आगे कनेक्शन नहीं किया गया। पानी निकासी पाइप लाइन में इनलेट लगे हुए हैं। इसके अलावा मेनहोल में दोनों ओर प्लग लगी हुई है। इस कारण गलियों का पानी उस पाइप लाइन में नहीं जा पाता। जेई रोहित ने बताया कि बरसाती पानी निकासी के लिए टेंडर लगाया है।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची जरूरी : मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया पर निर्भर करती है और निष्पक्ष चुनाव की पहली शर्त त्रुटि रहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का होना अत्यंत जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची में मौजूद त्रुटियों का समयबद्ध समाधान करना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा रविवार देर सायं स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर आयोजित भाजपा कार्यकताओं की बठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ व्यापार मंडल के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को एसआईआर अभियान की जानकारी दें तथा उन्हें अपने नाम, पते, आयु एवं अन्य विवरणों का सत्यापन करवाने के लिए प्रेरित करें।

## एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवकों की बीएलओ के सहयोग के लिए लगाई ड्यूटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में (एस.आई.आर.) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) तथा स्वयंसेवकों की ड्यूटी विभिन्न बूथ स्तरीय अधिकारियों के सहयोग करने के लिए लगाई। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने बताया कि स्वयंसेवक विद्यार्थियों की एक आवश्यक बैठक ली तथा प्रत्येक गांव में अपने-अपने वार्ड में एस आई आर का फॉर्म भरने व लोगों को इस कार्य को पूर्ण करने में जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर उपप्राचार्य मेजर सुरेंद्र कुमार, राजवीर नैन, सज्जन कुमार, राजेश श्योकंद, जगबीर दूहन, डॉ राजीव चहल, कीर्ति बेनीवाल, उषा शर्मा उपस्थित रहे।

### सिलेंडर चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई सुभाष की टीम द्वारा आरोपी सिरटा रोड़ कैथल निवासी शुभम को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अर्जुन नगर कैथल निवासी हरजिंद्र सिंह की शिकायत अनुसार वह सिरटा रोड, कैथल स्थित खालसा डेयरी एंड स्वीट्स नाम से दुकान चलाता हैं। 11 जून की रात करीब 10:30 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। अगले दिन सुबह जब दुकान खोली तो देखा कि अज्ञात चोर दरवाजे के ऊपर से अंदर घुसकर दुकान में रखे 2 गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। इससे पहले भी 30 मई को उनकी दुकान से एक गैस सिलेंडर तथा 3 जून को 2 सिलेंडर चोरी हुए थे। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी शुभम के कब्जे से 4 चोरीशुदा सिलेंडर बरामद कर लिए गए। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### डिप्टी स्पीकर ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चर्चा की

# सरकार के पास विकास कार्यों के लिए नहीं धन की कोई कमी

**शहर की समस्याओं का होगा स्थायी समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने रविवार देर सायं स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में डीसी डा. वैशाली शर्मा भी उपस्थित रही।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक शहर एवं गांव के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधिए व्यापारी और आम नागरिक अपनी समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं को लिखित रूप में प्रशासन के समक्ष रखें ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उन पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा बाजारों, सड़कों, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का विस्तृत विवरण प्रशासन को उपलब्ध कराएं। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मजबूत व्यापारिक व्यवस्था से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक के दौरान व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने शहर के विकास एवं विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े अपने सुझाव और मांगें डिप्टी स्पीकर के समक्ष रखीं। डा. मिड्ढा ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

#### समस्याओं के हल के लिए पूरी तरह संवेदनशील

*डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाले प्रत्येक सुझाव एवं मांग का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।*